# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

**अभिषद् की बैठक दिनांक 15.06.2023 का कार्यवृत्त**

समयः 04:00 बजे अपराह्न से।

स्थानः कुलपति महोदय का आवासीय सभागार।

उपस्थितिः

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो० डॉली सिन्हा | – | सदस्य |
| 3. | प्रो० दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 4. | डॉ० बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 5. | डॉ० विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 6. | प्रो० अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 7. | प्रो० नैयर आजम | – | सदस्य |
| 8. | डॉ० नन्द कुमार | – | सदस्य |
| 9. | डॉ० लक्ष्मी कान्त मिश्रा | – | सदस्य |
| 10. | डॉ० हरि नारायण सिंह | – | सदस्य |
| 11. | डॉ० गोपालजी ठाकुर | – | सदस्य |
| 12. | डॉ० विनोद कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 13. | डॉ० अमर कुमार | – | सदस्य |
| 14. | श्रीमती मीना कुमारी | – | सदस्य |
| 15. | श्री फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 16. | डॉ० इम्तेसात शौकत | – | सदस्य |
| 17. | डॉ० धनेश्वर प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 18. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 19. | डॉ० अजय कुमार पंडित, कुलसचिव | – | सचिव |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव ने सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की विधिवत् शुरूआत की। प्रारम्भ में अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव के रूप डॉ० अजय कुमार पंडित का स्वागत किया। साथ ही पूर्व कुलसचिव प्रो० मुश्ताक अहमद को ढाई वर्षों से अधिक समय तक विश्वविद्यालय में कुलपति के कदम से कदम मिलाकर कार्य करने तथा कार्य प्रगति में सहभागिता देने हेतु धन्यवाद दिया। ततपश्चात् निम्न मदों पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया –

मद सं० 1. अभिषद् की गत बैठक दिनांक 13.12.2022 की कार्यवृत की संपुष्टि पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से अभिषद् की गत बैठक के कार्यवृत को सम्पुष्ट किया गया।**

मद सं० 2. विद्वत् परिषद् की गत बैठक दिनांक 29.05.2023 की कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विद्वत् परिषद् की कार्यवृत के अनुमोदन के क्रम में प्रो० दिलीप कुमार चौधरी ने प्रस्ताव किया कि अन्यान्य मद संख्या 5 में सी० एम० साइन्स कॉलेज, दरभंगा में बी०बी०ए०, बी०सी०ए० एवं इन्डस्ट्रीयल केमेस्ट्री को जोड़ा जाय, जिसपर अध्यक्ष महोदय ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया कि इससे संबंधित जितने भी कोर्सों की सूची है, उस सूची को संलग्न कर दिया जाय और अनुमोदित माना जायें। इसी क्रम में श्री सुजीत पासवान ने विद्वत् परिषद् के मद संख्या 7 में दंत संकाय के अन्तर्गत मिथिला माइनोरिटी डेन्टल कॉलेज एवं अस्पताल, लहेरियासराय, दरभंगा में सत्र 2023–24 से पीएच०डी० कोर्स चलाने के संबंध में प्रस्तुत Draft Ordinance & Regulation के अनुमोदित प्रस्ताव के साथ ही एम०एम०डी०सी० एण्ड एच० को Research Centre के रूप में स्थापित करने एवं प्रधानाचार्य/संकायाध्यक्ष को आगे की पूरी प्रक्रिया किए जाने हेतु Nodal Officer के रूप में अधिकृत किया जाय, दंत संकाय अन्तर्गत एम०एम०डी०सी० एण्ड एच० में सत्र 2023–24 से विभिन्न विषयों में Fellowship Programme के Draft Ordinance & Regulation को अनुमोदित करने एवं संपूर्ण**



Scanned with CamScanner

प्रक्रिया महाविद्यालय स्तर से किए जाने हेतु प्रधानाचार्य/संकायाध्यक्ष को अधिकृत किया जाय। साथ ही, दोनों पाठ्यक्रमों हेतु D.R.D.A.B. का गठन विश्वविद्यालय स्तर से करने तथा दोनों पाठ्यक्रमों हेतु अनुमोदित Ordinance & Regulation को राजभवन भेजते हुए नामांकन की प्रक्रिया सत्र 2023–24 से प्रारंभ करने, उक्त संशोधन के साथ कार्यवृत को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

मद सं0 3. बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों को हिन्दी विषय में स्वीकृत रिक्त पदों पर सहायक प्राचार्य के पदों पर की गयी नियुक्ति एवं पदस्थापन के घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।**

मद सं.4: दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लंबित वेतन भुगतान एवं सेवा के मामले पर विचार।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लंबित वेतन का अद्यतन भुगतान कर दिया जाय तथा सेवा संबंधित मामले के प्रस्ताव को अगली बैठक में रखा जाय।**

**अन्यान्य मद सं.1.:** वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.03.2023 की कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय:** **वित्त समिति के कार्यवृत के मद संख्या 2 में Library Automation कराने हेतु जो भी व्यवस्था करना हो इस हेतु जो भी खर्च हो विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए इसे करवाने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया । इसी क्रम में प्रो0 दिलीप कुमार चौधरी ने प्रस्ताव दिया कि अन्यान्य मद संख्या 5 में संशोधन करते हुए मूल्यांकन कार्य में संलग्न शिक्षकों को 7 रूपये प्रति छात्र तथा सी0एस0 को 400 रूपये प्रति पाली कर कार्यवृत को अनुमोदित किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.2.:** डॉ0 रंजना सिंह, सहायक प्राचार्य, मनोविज्ञान विभाग, के0एस0 कॉलेज, लहेरियासराय, दरभंगा को 06.07.2022 से 04.05.2023 तक कुल 10 माह का स्वीकृत असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.3.:** डॉ0 राज किशोर राम, सहायक प्राचार्य, मनोविज्ञान विभाग, आर0बी0 कॉलेज, दलसिंहसराय, समस्तीपुर को 27.11.2020 से स्वीकृत त्यागपत्र के घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.4.:** श्री विनय कुमार पाठक, सहायक प्राचार्य, अर्थशास्त्र विभाग, आर0एन0ए0आर0 कॉलेज, समस्तीपुर को विरमित करने की तिथि से स्वीकृत त्यागपत्र के घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.5.:** विश्वविद्यालय ज्ञापांक **SC/39/23** दिनांक 04.02.2023 के द्वारा अनुकम्पा पर नियुक्त 14 तृतीय वर्गीय एवं 9 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के अभिषद् से घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.6.:** श्री नरेन्द्र कुमार लाल, सहायक प्राध्यापक, जन्तुविज्ञान विभाग, सी0एम0 साइन्स कॉलेज, दरभंगा को स्वीकृत त्याग–पत्र की घटनोत्तर स्वीकृति हेतु अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

**निर्णय:** **सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.7.:** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान के "प्रबन्ध समिति" की बैठक दिनांक 27.05.2023 में लिये गये निर्णयों के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय:** **पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान के "प्रबन्ध समिति" में लिये गये निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

**अन्यान्य मद सं.8.:** "पद–सृजन, अन्तर्लीनीकरण एवं सेवा सम्पुष्टि समिति" की बैठक दिनांक 13.06.2023 की कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।



Scanned with CamScanner

1183

| | |
|---|---|
| निर्णयः | सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |
| अन्यान्य मद सं.9.: | श्री कैलाश राम, वित्तीय परामर्शी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के द्वारा अपने कर्त्तव्यों के अतिरिक्त वित्त पदाधिकारी के अतिरिक्त कार्यभार का निर्वहन करने के आलोक में पारिश्रमिक तय करने हेतु गठित समिति की अनुशंसा एवं वित्तीय परामर्शी के अनुरोध पर विचार। |
| निर्णयः | सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री कैलाश राम, वित्तीय परामर्शी के द्वारा अपने कर्त्तव्य के अतिरिक्त वित्त पदाधिकारी के अतिरिक्त कार्यभार का निर्वहन करने हेतु उक्त अवधि में 30,000/– रूपये प्रतिमाह दिया जाय। |
| अन्यान्य मद सं.10.: | डॉ० अशोक कुमार झा, उपाचार्य, रसायनशास्त्र विभाग की अनुपस्थित अवधि 09.02.2016 से 27.04.2017 तक पर दिनांक 19.12.2021 के अभिषद् की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार तथ्यात्मक विवरणी के साथ पुनः अभिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत। |
| निर्णयः | सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस तरह के अन्य मामलें को अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय। |
| अति. मद सं.1: | डॉ० वैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव किया की शहनाज बेगम, मिल्लत कॉलेज, दरभंगा की बंद पेंशन को विधिसम्मत कार्यवाई करते हुए पेंशन शुरू की जाय। |
| निर्णयः | अध्यक्ष महोदय ने निदेशानुसार जाँचकर नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। |
| अति. मद सं.2: | डॉ० गोपालजी ठाकुर ने प्रस्ताव दिया की विश्वविद्यालय को जितना जमीन दरभंगा महराज के द्वारा मिला है उसको सीमांकन किया जाय। |
| निर्णयः | अध्यक्ष महोदय ने नियमन देते हुए सीमांकन हेतु कार्यवाही प्रारम्भ करने की सहमति दी। |

बैठक के अन्त में डॉ० हरिनारायण सिंह, डॉ० वैद्यनाथ चौधरी एवं प्रो० दिलीप कुमार चौधरी ने दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, दरभंगा में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव महोदय ने सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। तदुपरान्त, बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

ह0/–
प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ह0/–
डॉ0 अजय कुमार पंडित
कुलसचिव–सह–सचिव

ज्ञापांकः UB-695/23 दिनांकः 15/06/2023

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. अभिषद् के माननीय सदस्य, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. सचिव, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना;
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना;
4. उप–सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना;
5. नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट), ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. सभी पदाधिकारी, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

15.06.2023
कुलसचिव

15/06/2023



Scanned with CamScanner